Need to construct an underpass and foot-over bridge in Ajmer

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर): मेरे संसदीय क्षेत्र अजमेर के किशनगढ़ शहरी क्षेत्र में स्थित रेल्वे लाइन के उसपार मालियों की ढाणी, गांधीनगर, सांवतसर क्षेत्र के 19 वार्डों में लगभग 80,000 से 90,000 की आबादी निवासरत है। इस क्षेत्र के वाशिंदो को प्रतिदिन उक्त रेल्वे लाईन को पार करके मदनगंज शहरी क्षेत्र एवं पॉवरलूम क्षेत्र एवं मार्बल एरिया में मजदूरी हेतु आवाजाही करनी पड़ती है। जिसके चलते रेल्वे लाईन क्रॉस करते समय अधिकाशंत दुर्घटनाएं होती रहती है। इसके अतिरिक्त उक्त गांधीनगर क्षेत्र की आबादी वर्तमान में रेल्वे पुल संख्या 293 जो कि पूर्व में एक गन्दा नाला था उससे गत 40-50 वर्षो से आवाजाही कर रही थी लेकिन में डीएफसी के अन्तर्गत रेल लाईन बिछ जाने से उक्त एक मात्र रास्ता भी बन्द हो गया है। जिससे अब आमजन को परेशानी हो रही है। अतः माननीय केन्द्रीय रेलमंत्री महोदय से निवेदन है कि किशनगढ़ स्थित उक्त रेल्वे पुल संख्या 293 पर नवीन ब्लॉक डालकर एक अण्डरपास अथवा पुराने बस स्टैण्ड के पीछे राम मन्दिर वाली गली से मालियों की ढाणी को जोड़ने वाली गली में रेलवे लाईन पर एक नवीन फुट ओवर पाथ का निर्माण करा कर आमजन को सुगम आवाजाही का मार्ग उपलब्ध कराने हेतु आप अविलम्ब दिल्ली एवं जयपुर स्थित विभागीय रेलवे उच्चाधिकारियों एवं डीएफसीसी अधिकारियों को निर्देशित कराकर, सक्षम स्वीकृति जारी कराने का श्रम कराएं ।